महत्वपूर्ण एवं खास

कोविडसील्ड का 2 लाख डोज पहुंचा रायपुर

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड की एक और खेप राजधानी रायपुर पहुंच गई है, यहां आज 17 कार्टून वैक्सीन पहुंची है, एक कार्टून में 1200 वायल मौजूद है, इस प्रकार लगभग 2 लाख डोज़ कोरोना वैक्सीन यहां पहुंच गई है। वैक्सीन के पहुंचने के बाद टीकाकरण अभियान में और तेजी आएगी। इसके पहले आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर कोविड-19 से बचाव के टीके की दूसरी खुराक ली। उन्होंने टीका लगवाने के बाद डॉक्टरों से टीकाकरण के बाद रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी ली।

बाईक बेचने का झांसा देकर 91 हजार की ठगी,अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मोटरसाइकिल बेचने का झांसा देकर पेटीएम के माध्यम से 91412 रुपये की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट राखी थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ईडब्लू ई ब्लॉक 5 सेक्टर 30 नवा रायपुर निवासी महर्षि कुमार 37 वर्ष ने 26 मई को थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 24 मई को 10.23 बजे मोबाईल क्रमांक 97079-84522 एवं 70641-37587 के धारक ने पीड़ित को फोन करके मोटरसाइकिल बेचने का झांसा दिया। तथा मोटरसाइकिल का सौदा होने के बाद पेटीएम नंबर देकर उसमें पैसा जमा करने कहकर कई बार में 91412 रुपये जमा करा धोखाधड़ी किया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाईल नंबर धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

छत्तीसगढ़ में सुधर रहे हैं हालात, कोरोना संक्रमितों और मौतों में आ रही कमी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना से हालात सुधरते जा रहे हैं। प्रदेश के आधा से ज्यादा जिले अनलॉक हो गये हैं। इन सब के बीच प्रदेश में आज 2829 मरीज मिले हैं, वहीं 56 मौतें हुई है। जबकि 5097 मरीज स्वस्थ्य हुए हैं। प्रदेश में अब कुल एक्टिव केस 53480 रह गये हैं। जिलेवार कोरोना के आंकड़े आज भी सरगुजा में सबसे ज्यादा है। सरगुजा में 240 कोरोना के मरीज मिले हैं, जबकि बलरामपुर में 201 और सूरजपुर में 202 मरीज मिले हैं। रायपुर में 102 रायगढ़ में 216, जांजगीर में 178 और बिलासपुर में 85 नए मरीज मिले हैं। छत्तीसगढ़ में रायगढ़ आज भी मौत के आंकड़ों में टॉप पर है, यहां 11 लोगों की जान गयी है, जबकि महासमुंद में 8, बिलासपुर में 8, रायपुर में 3 और धमतरी में 4 मौत हुई है।

घर से खेलने निकली मासूम से दुष्कर्म कर गला दबाकर कर दी हत्या, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। घर से खेलने निकली मासूम के साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार जिले के कोतवाली थाना इलाके ग्राम पौंसरी में एक 07 साल की मासूम बच्ची का कुएं में लाश मिली है। पुलिस द्वारा बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने पर शॉट पीएम में बच्ची के साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई। जिसके बाद पुलिस संदिग्धों से पुछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक 26 मई को बच्ची घर से खेलने निकली लेकिन काफी समय हो जाने के बाद भी वह वापस नही आई तब परिजनों ने उसे खोजना शुरु किया। लेकिन बच्ची नही मिली। जिसके बाद इसकी सुचना थाने में देने पर मासूम बच्ची का शव कुंए में तैरता मिला व उसके हाथ-पांव बंधे हुए मिले। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

सायबर सेल को मिली सफलता: रिवाल्वर-कारतूस लूट के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के धरसींवा थाना इलाके में 24 मई को लाइसेंसी रिवाल्वर और जिंदा कारतूस लूट मामले में पुलिस ने 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गए रिवाल्वर, जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है। ये तीनों आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। उससे पहले ही पुलिस ने इन्हें धर दबोचा। सायबर सेल और धरसींवा थाना पुलिस ने यह संयुक्त कार्रवाई की है।

तीनों के कब्जे से लूटा गया सारा सामान बरामद कर लिया गया। पकड़े गए आरोपित पहले भी लूट की कई वारदात में शामिल रहे हैं। एएसपी क्राइम

अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि बालाजी बिल्डर कंपनी में निजी सुरक्षा गार्ड अरूण कुमार मिश्रा 23 मई को वह अपने साथी सुरेश कुमार दुबे के साथ बाइक से रिवाल्वर, 11 जिंदा कारतूस के साथ गांव से रायपुर लौट रहा था।

24 मई को तड़के चार बजे सिलतरा के आगे निको कंपनी के सामने हाइवे रोड के पास बदमाशों ने सुरक्षागार्ड अरूण की पिटाई कर उसकी कमर में बंधी लाइसेंसी रिवाल्वर होलस्टर के साथ, 11 जिंदा कारतूस, पिट्ठु बैग में रखें बाइक का रजिस्ट्रेशन कार्ड, मोबाइल, रिवाल्वर का लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक ऑफ बड़ौदा व आईसीआईसीआई बैंक का एटीएम कार्ड और जेब में रखें तीन हजार रुपये लूट कर फरार हो गए।

झमेन्द्र वर्मा पिता तिहारू राम वर्मा 30 वर्ष, निवासी बाजार चौक शनि मंदिर के पास थाना धरसींवा रायपुर।

तन्मय निषाद पिता सुरेश निषाद 22 वर्ष, निवासी शनि मंदिर के पास थाना धरसींवा रायपुर।

केशव वर्मा पिता बलदाऊ वर्मा 19 वर्ष, निवासी ग्राम परसतराई वार्ड नंबर-3 थाना धरसींवा रायपुर।

उस मामले में साइबर सेल एवं धरसींवा पुलिस थाने की संयुक्त टीम मुखबिरों की मदद से बाजार चौक शनि मंदिर पास, धरसींवा निवासी संदेही झमेन्द्र वर्मा (30) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने पड़ोस के तन्मय निषाद (22) और ग्राम परसतराई वार्ड नंबर तीन निवासी केशव वर्मा(19) के साथ मिलकर लूट की वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया सारा सामान बरामद कर लिया।

नक्सली प्लाटून नम्बर 13 के सदस्य ने किया डीआईजी व एसपी के समक्ष समर्पण

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान व इंटेलिजेंट यूनिट सीआरपीएफ 199 बटालियन के सहयोग से नक्सली प्लाटून 13 के सदस्य ने डीआईजी सीआरपीएफ कोमल सिंह, एसपी कमलोचन कश्यप, कमांडेंट 199 रजा हैदर के समक्ष आत्म समर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ गया है । समर्पण के पश्चात दस हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि भी प्रदाय किया गया । नक्सली संगठन के प्लाटून 13 के सदस्य भीमसेन वेककों निवासी केशकुतुल थाना भैरमगढ़ ने खोखली विचारधारा, बड़े कैडरों के भेदभाव रवैया, परिवार से ना मिलने देने से क्षुब्ध होकर आत्म समपर्ण करते हुए मुख्यधारा से जुड़ चुका है । भीमसेन 2016 में

केशकुतुल मिलिशिया सदस्य के रूप में भर्ती हुआ था और वर्तमान में प्लाटून 13 के सदस्य के रूप में कार्यरत था । इस दौरान वह 303 रायफल रखता था । अपने कार्यकाल के दौरान भीमसेन 2020 में पीडिया में पुलिस पार्टी पर हमला, बेचापाल सोसाइटी के सेल्समेन की हत्या, 3 अप्रेल 2021 को टेकुलगुडेम मुठभेड़ में शामिल था । इस मुठभेड़ में 22 जवान शहीद हो गए थे, वही एक जवान का अपहरण कर 5 दिनों बाद जनअदालत लगाकर रिहा कर दिया गया था ।

स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में प्रवेश प्रारंभ

» 15 मई से 10 जून तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

रायपुर (आरएनएस)। स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी स्कूल के तहत संचालित स्वामी आत्मानन्द शासकीय उतकृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर के प्राचार्य द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार शिक्षा सत्र 2021-22 में प्रवेश हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया गया हैं जिसमे विद्यार्थी, अभिभावक 15 मई से 10 जून 2021 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिसके लिये छात्र नीचे दिये गये लिंक का उपयोग कर सकते है-

नए सत्र में प्रवेश के लिए रिक्त सीट पर चयन के लिए कमजोर समूह के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। पालक को आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। पिछली कक्षा में प्राप्त अंकों का ध्यान रखा जाएगा अर्थात उच्च अंक प्राप्त बच्चो एवं अंग्रेजी माध्यम में पढ़ कर आने वाले बच्चों को ही प्राथमिता दी जाएगी। रिक्त सीट पर अधिक पात्र आवेदक होने पर विद्यार्थियों के चयन के लिए लॉटरी विधि अपनाई जाएगी।

कक्षावार रिक्त सीटों पर सीटों का आंबटन किया गया है जिसमें कक्षा 1 ली से 9 वी तक प्रत्येक कक्षा में 40 सीट एवं कक्षा 11 वीं में गणित विषय पर 20 सीट, जीव विज्ञान 20 सीट एवं वाणिज्य में 40 सीट निर्धारित किया गया है। प्रवेश के लिए शा. कन्या उ.मा.वि. जयनगर (टी) को प्रवेश स्थल के रुप में चुना गया है।

छत्तीसगढ़ में 30 प्रतिशत वैक्सीन की बर्बादी हुई खबर बेबुनियाद-स्वास्थ्य मंत्री

» कहा-टीकाकरण में छग अग्रणी राज्यों में से एक है

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने ट्वीट कर कुछ मीडिया आउटलेट्स में प्रकाशित उन खबरों का बेबुनियाद बताया है जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में 30 प्रतिशत वैक्सीन की बर्बादी हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि केन्द्र सरकार के खुद के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ टीकाकरण में अग्रणी राज्यों में से एक है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा

हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 45प्लस के आयु वर्ग के लिए सीधे हमारे द्वारा खरीदे गए टीके केवल 0.29 प्रतिशत बर्बाद हुए है। जबकि यह राष्ट्रीय औसत जो कि 6 प्रतिशत है, उससे कहीं बेहतर है।

श्री सिंहदेव ने यह भी कहा कि राज्य में हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स व 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के टीकाकरण में हम जल्द ही 100 प्रतिशत का आंकड़ा प्राप्त करने वाले हैं। हम 18-45 आयु वर्ग के टीकाकरण में भी उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। टीकों की बर्बादी के प्रकाशित ये आंकड़े सच्चाई से कोसों दूर है।

श्री सिंहदेव ने कहा कि 21 मई को हमारे साथ हुए विडियो कांफ्रेसिंग में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि केन्द्र सरकार के पोर्टल में एक तकनीकी त्रुटि है जो अपव्यय प्रतिशत को बढ़ा रही है। हमें आश्वासन दिया गया था कि केन्द्र इस मुद्दे को सुलझाने के लिए राज्यों के साथ बात करेगा ताकि सहीं आंकड़े सार्वजनिक किये जा सकें।

श्री सिंहदेव ने केन्द्र सरकार में इन चुनिंदा लीक पर काम करने वाले व्यक्ति को सलाह दी है कि कृपया बेहतर काम करें और हो सके तो किसी ऐसे व्यक्ति से मदद लें जो गणित जानता हो। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का फोकस राज्यों के साथ ओछी राजनीति करने से ज्यादा टीकों की खरीददारी पर होना चाहिए।

सेल-बीएसपी ने भारतीय रेलवे की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रेल उत्पादन में किया बदलाव

» सुपीरियर आर-260 ग्रेड के रेल का कर रहा है उत्पादन

भिलाई (आरएनएस)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, जो छह दशकों से अधिक समय से भारतीय रेलवे के लिए विभिन्न ग्रेड, गुणवत्ता, प्रोफाइल और लंबाई के वांछित स्पेसिफिक्रेशन के अनुसार विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली रेल का उत्पादन कर रहा है, अब वर्तमान में रेलवे को नए 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ नए आर-260 ग्रेड रेल का उत्पादन और आपूर्ति कर रहा है।

भारतीय रेलवे रेल परिवहन में उच्च गति और एक्सल लोड की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए रेलवे ने सेल से माइक्रो-अलॉय रेल स्टील का उत्पादन करने की मांग की है। इसी आवष्यकता को पूरा करने हेतु सेल-बीएसपी ने नए आर-260 ग्रेड रेल के उत्पादन पर विषेष ध्यान केन्द्रित किया है जिससे इस रेल को उच्च यील्ड स्टेऊन्थ प्रदान किया जा सके। 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ आर-260 ग्रेड की रेल यूरोपीय स्पेसिफिक्रेषन ईएन-13674 से कहीं अधिक उच्च गति और अधिक एक्सल लोड लेने के लिए सक्षम है।

सेल-भिलाई को इस बात पर गर्व है कि रेलवे को आपूर्ति किए जाने वाले रेल स्टील में हाइड्रोजन की मात्रा वैश्विक मानकों के न केवल अनुरूप है बल्कि कहीं-कहीं बेहतर है। नया आर-260 ग्रेड न केवल स्वच्छ स्टील सुनिश्चित करता है बल्कि बेहतर यांत्रिक गुण भी प्रदान करता है।

इस नए ग्रेड के लिए माइक्रो-अलॉयड स्पेशल स्टील का उत्पादन स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) और एसएमएस-2 दोनों में किया जा रहा है। रेल के नए प्रोफाइल के साथ नए ग्रेड को प्लांट की आधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) तथा रेल और स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) से रोलिंग किया जा रहा है। गौरतलब है कि यूआरएम दुनिया की सबसे लंबी 130 मीटर रेल को सिंगल पीस में रोलिंग करने में सक्षम है। विदित हो कि यूआरएम और आरएसएम द्वारा लंबे वेल्डेड पैनलों के रूप में 260 मीटर लंबाई तक के लंबी रेल्स की आपूर्ति की जा रही है।

सेल-भिलाई द्वारा आपूर्ति की जा रही इस नए ग्रेड की रेल, भारतीय रेलवे को उच्च शक्ति वाले तथा अधिक सर्विस लाइफ वाले रेल की उपलब्धता सुनिष्चित कर रेल्वे को बढ़ते यातायात दबाव का सामना करने हेतु सक्षम बनाएगी। साथ ही साइकिल टाइम में और अधिक वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि रेल के नए आर-260 ग्रेड को पहली बार जून, 2020 में सेल-भिलाई स्टील प्लांट द्वारा विकसित कर रोलिंग किया गया था। पहले रेक को 30 जून, 2020 को डिजिटल रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इस समारोह में तत्कालीन सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड, विश्वेश चैबे, इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और अध्यक्ष, सेल ने डिजिटली अपनी भागीदारी प्रदान की थी। संयंत्र ने पिछले वित्तीय वर्ष में रेलवे को नए ग्रेड के 12,000 टन से अधिक रेल्स की आपूर्ति की।

कोरोना पर नियंत्रण के लिए 18.28 लाख लोगों को दी गई दवा किट

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए इसके 18 लाख 28 हजार 381 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन-सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के कई जिलों में अच्छे परिणाम आए हैं और वहां संक्रमण की दर में गिरावट आई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक कोरोना के लक्षण वाले सात लाख 85 हजार 082 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले सात लाख 34 हजार 879 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले तीन लाख आठ हजार 420 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

यास तूफान का असर प्रदेश के कई जिलों में पड़ने की संभावना

» मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की दी चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'यास' भारी तबाही मचा रहा है। इस तूफान के असर ओड़िशा और झारखंड से लगे छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भी भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस संबंध में अलर्ट भी जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा

ने बताया कि प्रदेश में बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, बिलासपुर, रायगढ़ और जांजगीर, महासमुंद में भारी बारिश होने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर तेज हवा व गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जतायी गयी है। प्रदेश में आज सरगुजा संभाग के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और कहीं-कहीं बौछारें पड़ी है।

बताया जा रहा है कि चक्रवात तूफान यास पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बाद झारखंड पहुंच गया है। यास के तांडव से सैकड़ों तटीय गांवों में पानी भर गया और लाखों घर उजड़ गए। कुछ जगहों पर जनहानि भी हुई है।

प्रदेश के प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान आज क्रमशः इस प्रकार रहाः रायपुर 39, बिलासपुर 36, पेंड्रा रोड 32.4, अंबिकापुर 24.5, जगदलपुर 37.4, दुर्ग 39.2 एवं राजनांदगांव में 40 डिग्री दर्ज किया गया।

संचालक चिकित्सा शिक्षा से नर्सिंग सँवर्ग की परीक्षा ऑनलाइन कराने की मांग

रायपुर (आरएनएस)। राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक ने सँचालक चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर कई महीने से लंबित नर्सिंग सँवर्ग की परीक्षा तत्काल आयोजित करने की मांग की है। विज्ञप्ति में उन्होंने आरोप लगाया है कि कोरोना वायरस के कारण जी एन एम और बी एस सी नर्सिंग की परीक्षा होने में 7 से 8 माह विलम्ब हो चुका है और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों

को इसकी कोई चिंता नहीं है। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे बताया है कि वर्तमान में इंजीनियरिंग,फार्मेसी के अलावा कक्षा 12 वी बोर्ड परीक्षा भी ऑनलाइन आयोजित हो रही है जबकि बी एस सी नर्सिंग की परीक्षा माह अक्टूबर 2020 में तथा जी एन एम् नर्सिंग की परीक्षा फरवरी 2021 में आयोजित किये जाने का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था, जो अबतक नही हो पायी है। इसके प्रतिभागी इसे लेकर बैचेन विभाग के निर्णय का इंतजार कर रहे है और सबसे पूछते फिर रहे हैं,कब होगी। परन्तु बताने वाला कोई नही है। इसमें अनेक फ्रेस ट्रेनीज है तो साथ मे विभागीय कर्मचारियों को भी इन कोर्स में शामिल होने का अवसर दिया गया है।परीक्षा में विलम्ब होने के कारण बेरोजगार ट्रेनीज लगातार निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में रोजगार से भी वंचित हो रहे हैं। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने आगे बताया है कि संचालक चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखकर इसे संज्ञान में ले कर अन्य परीक्षा की भांति सभी नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा भी ऑनलाइनआयोजित करने की मांग की है।

सीजी टीका वेब पोर्टल में आज शाम 6 बजे तक 1,82,674 नागरिकों का पंजीयन

रायपुर (आरएनएस)। सीजी टीका वेब पोर्टल में दिनांक 27 मई 2021 को शाम 6 बजे तक 1,82,674 नागरिकों का पंजीयन, 11,873 नागरिकों का टीकाकरण शेड्यूल किया गया और 9,189 नागरिकों का टीकाकरण किया गया । अब तक पोर्टल पर 3,58,466 नागरिकों का टीकाकरण शेड्यूल किया गया और 1,86,291 नागरिकों का टीकाकरण किया गया। मैन्युअल और सीजी टीका वेब पोर्टल को मिलाकर अब तक 9,40,494 नागरिकों का टीकाकरण शेड्यूल किया गया और 7,68,325 नागरिकों का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं जनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य नेताओं एवं महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU